कार्यालय जनपद न्यायाधीश, कानपुर देहात।

आदेश सं0 92 दिनांक 31-03-26

प्रशासनिक आदेश

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी की आख्या दिनांक 28.03.2026 के अनुसार उत्तर प्रदेश राज्य जिला न्यायालय सेवा नियम 2013 के शेड्यूल 'बी' प्रस्तर 5बी के अनुसार "Twenty percent by promotion from amongst Group 'D' employees, on the basis of seniority subject to rejection of the unfit with minimum of five years substantive and satisfactory service having qualification upto High School: Provided that the post of Admin Grade- II shall be filled only by the direct recruitment." जनपद न्यायालय, कानपुर देहात में कनिष्ठ सहायक के स्वीकृत 46 पद के सापेक्ष 09 पद चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों में से उपरोक्त नियम के अनुसार भरा जाना है। वर्तमान में जनपद न्यायालय में कनिष्ठ सहायक के 22 पद रिक्त चल रहें हैं। चतुर्थ श्रेणी के ऐसे कर्मचारी, जो तृतीय श्रेणी में पदोन्नति के इच्छुक हों, एवं 05 वर्ष की सन्तोषजनक सेवा पूर्ण कर ली हों, एवं हाईस्कूल उत्तीर्ण हों, से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जा सकता है।

पदोन्नति के उपरोक्त प्रकरण हेतु चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीगण, जिनके द्वारा पांच वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली गयी हो एवं हाई स्कूल उत्तीर्ण हों, के द्वारा चतुर्थ श्रेणी से तृतीय श्रेणी (कनिष्ठ सहायक) में पदोन्नति हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है। कर्मचारीगण निर्धारित प्रारूप पर अपना **आवेदन दिनांक 10.04.2026 तक प्रशासनिक कार्यालय में** प्रेषित कर सकते है। आवेदन में नवीन फोटो, हाई स्कूल अंकपत्र/प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति एवं प्रारूप में पदोन्नति किये जाने सम्बन्धी प्रकिया में भाग लिए की सहमति पर हस्ताक्षर किया जाना आवश्यक है।

आवेदन पत्रों मय संलग्नक प्राप्त किये जाने के उपरान्त तत्सम्बन्धी सूची चयन समिति, जनपद न्यायालय, कानपुर देहात के समक्ष योग्यता परीक्षण (आवेदकों की वरिष्ठता के कमानुसार) सम्बन्धी अग्रिम कार्यवाही हेतु दिनांक 15.04.2026 को प्रस्तुत की जायेगी।

जनपद न्यायालय, कानपुर देहात के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीगण के मध्य परिचालित हो एवं आदेश की प्रति नोटिस बोर्ड/प्रशासनिक कार्यालय/लेखाअनुभाग /केन्द्रीय नजारत/कम्प्यूटर सेन्टर के बाहर चस्पा हेतु प्रेषित की जाय। जनपद न्यायालय, कानपुर देहात की अधिकृत वेबसाइट पर उक्त आदेश की प्रति मय प्रोफार्मा अपलोड करने हेतु कम्प्यूटर अनुभाग को प्रेषित की जाय।

31.03.26

जनपद न्यायाधीश,

कानपुर देहात।

DISTRICT JUDGE KANPUR DEHAT

सेवा में,

माननीय जनपद न्यायाधीश,
कानपुर देहात।

आवेदनकर्ता की नवीन फोटो

महोदय,

निवेदन है कि प्रार्थी जनपद न्यायालय, कानपुर देहात में वर्ष 2026 में चतुर्थ श्रेणी संवर्ग से तृतीय श्रेणी संवर्ग (कनिष्ठ सहायक) में पदोन्नति हेतु सहमति प्रदान करते हुए आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रहा है। प्रार्थी का विवरण निम्नवत है –

1.	आवेदक का नाम (चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी)	:	
2.	पिता का नाम	:	
3.	स्थानीय पता (पते का प्रमाण संलग्न किया जाना आवश्यक है)	:	
4.	स्थायी पता	:	
5.	सेवा में आने की तिथि	:	
6.	सेवा में आने का प्रकार (जनपद न्यायालय कानपुर देहात में)	:	सीधी भर्ती मृतक आश्रित तदर्थ स्थानान्तरण से अन्य प्रकार
7.	यदि अन्य जनपद से स्थानान्तरण पर आये हैं, तो उसका विवरण	:	जनपद का नाम– कानपुर देहात में आने का दिनांक–
8.	सेवा की वर्तमान स्थिति	:	रेग्यूलर /तदर्थ
9.	हाई स्कूल उत्तीर्ण करने का वर्ष एवं संस्था का नाम (अंकपत्र/प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है)	:	

दिनांक–

आवेदक/कमर्चारी के हस्ताक्षर

संलग्नक–

1.

2.